दिन– मंगलवार दिनांक– 30/09/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा करेंगे।

03. बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली आठ सीटों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम आज से शुरू हो रहा है। मतदाता सूची के लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह नवम्बर निर्धारित है।

04. और, शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की हो रही है पूजा–अर्चना। मंदिरों, शक्तिपीठों और पूजा पंडालों में भक्तों का लगा है तांता।

---

निर्वाचन आयोग राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा। इसी सूची के आधार पर विधानसभा चुनाव कराए जायेंगे। आयोग ने कहा है कि जिला मुख्यालय के साथ–साथ विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर भी मतदाता सूची उपलब्ध होगी। साथ ही मतदाता सूची आयोग की बेवसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी। विशेष पुनरीक्षण के बाद बिहार की अंतिम मतदाता सूची में गणना प्रपत्र भरने वाले सभी मतदाताओं के नाम शामिल होंगे। इससे पहले, आयोग ने पहली अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची जारी की थी। प्रारूप सूची से हटाए गए पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची भी जारी की गई थी। आयोग ने कहा कि बिहार के बाद मतदाता सूचियों को संशोधित करने के लिए विशेष अभियान पूरे देश में आयोजित किया जाएगा। पिछला गहन पुनरीक्षण अभियान लगभग बीस वर्ष पहले हुआ था।

---

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज निर्वाचन आयोग सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। बैठक में राज्य के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ–साथ प्रमंडलीय आयुक्त, आईजी, डीआईजी, जिला पदाधिकारी और वरीय

पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। आयोग के अवर सचिव नरेश कुमार ने बताया कि बैठक में जिलों में उपलब्ध पुलिस बल, चुनाव को लेकर बनने वाले चेकपोस्ट, सुरक्षा रणनीति तथा नदी और अन्य दुर्गम क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी।

---

बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली आठ सीटों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम आज से शुरू होगा। साथ ही आज से ही मतदाता सूची में नाम शामिल करने के लिए योग्य मतदाताओं से आवेदन स्वीकार किये जायेंगे। जिन सीटों के लिए चुनाव होना है, उसमें पटना, दरभंगा, तिरहुत और कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र तथा पटना, दरभंगा, तिरहुत और सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। मतदाता सूची के लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह नवम्बर निर्धारित है। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन पच्चीस नवम्बर को होगा, जबकि पच्चीस दिसम्बर तक सूची पर दावा—आपत्ति किए जा सकेंगे। निर्वाचन आयोग तीस दिसम्बर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा।

---

विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन के लिए भाजपा ने बिहार प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है। समिति में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत उन्नीस नेता हैं। इनमें पंद्रह सदस्य, एक पदेन सदस्य और तीन आमंत्रित सदस्य बनाए गये हैं।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से लोगों तक जीएसटी कटौती का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। श्री मोदी दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर नवनिर्मित प्रदेश भाजपा कार्यालय के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

हमें सुनिश्चित करना है कि नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म का फायदा सामान्य से सामान्य व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। हमें ग्राहकों को भी जानकारी देनी है और अपने दुकानदार भाइयों को भी जागरूक करना है। जहां हम विपक्ष में हैं, वहां तो हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। वहां जो सरकार वो जीएसटी में कमी का पूरा लाभ जनता को दे, ये हमें पक्का करना ही होगा। हमें भारत को आत्मनिर्भर बनाना है और स्वदेशी को अपनाना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। आज हम बात कर रहे हैं खिलौना उद्योग पर जीएसटी दरों में सुधार से होने वाले प्रभावों पर।

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र के आधार पर परिवर्तन और प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रही है। विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में आज हम आपको बता रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति– दो हजार बीस के माध्यम से भारत के लिए एक आधुनिक, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

शारदीय नवरात्र के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा–अर्चना की जा रही है।

————म्यूजिक————

मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनाकोमनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है। मंदिरों और शक्तिपीठों में महा अष्टमी की पूजा–अर्चना के लिये सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। मंदिरों और शक्तिपीठों में खोइंछा भरने के लिए महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। आज के दिन कन्या पूजन का भी विशेष महत्व है। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया है कि राज्य के अलग–अलग हिस्सों में पूजा पंडालों का आकर्षण देखते ही बन रहा है। पंडालों और पूजा स्थलों पर रोशनी की भी भव्य सजावट की गयी है। राजधानी पटना में पंडालों को प्रसिद्ध मंदिरों और भवनों का रूप दिया गया है। कई स्थानों पर पर्यावरण की सुरक्षा और स्वच्छता का संदेश देते हुए इको फ्रेंडली पंडाल भी बनाये गये हैं। पटना के डाकबंगला चौराहे पर तंजौर के वृहदीश्वर मंदिर, एतवारपुर में अयोध्या के राम मंदिर, संपतचक में मथुरा के प्रेम मंदिर, कदमकुंआ में देवघर के बैद्यनाथधाम मंदिर और मीठापुर में काठमांडू के पशुपति नाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल का निर्माण किया गया

है। विभिन्न स्थानों पर रामलीला, गरबा और डांडिया महोत्सवों का भी आयोजन किया जा रहा है। पूरा माहौल श्रद्धा और उत्साह के रंग में सराबोर है।

––म्यूजिक––

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना में बिहार कृषि रेडियो नामक डिजिटल प्रसार प्रणाली की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि किसानों को समर्पित इस विशेष रेडियो प्रसारण का लक्ष्य उन्हें कृषि संबंधी जानकारियों से अद्यतन रखना है। उन्होंने कहा कि इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

---

पटना मेट्रो का अंतिम ट्रायल रन कल संपन्न हो गया। आईएसबीटी से जीरोमाईल होते हुए भूतनाथ स्टेशन तक मेट्रो का चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से परिचालन किया गया। मेट्रो रेल संरक्षा आयुक्त जनक कुमार गर्ग ने इसका निरीक्षण किया। दो दिनों में ट्रायल रन से संबंधित रिपोर्ट पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन को सौंप दी जाएगी। रिपोर्ट मिलने के बाद पटना मेट्रो की उद्घाटन तिथि पर अंतिम फैसला होगा।

---

जहानाबाद जिले के सदर प्रखंड के खैरा गांव निवासी आभाष कुमार को युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने युवा आइकॉन के रूप में चयनित किया है। यह चयन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के तहत की गयी है। आभाष कुमार ने सामाजिक नवाचार, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा जागरूकता, ग्रामीण विकास और युवाओं के संगठित प्रयासों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

---

पूर्णिया जिले के पूर्णिया टीकापट्टी एसएच –पैंसठ पर एक तेज रफ्तार शराब लदी कार की चपेट में आने से दो बहनों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि हादसे में एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण ने लिखा है – बिहार को मिली तीन अमृत भारत समेत सात ट्रेनें, रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – बागमती–महानंदा पर तीन बराज को केंद्र की हरी झंडी। **प्रभात खबर** की सुर्खी है – आठ को दिल्ली में एनडीए की बैठक। बनेगी सीटों पर सहमति। **दैनिक भास्कर** ने लिखा है – एसआईआर अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन आज। **राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – चांदी पहुंची डेढ़ लाख पर, सोने में डेढ़ हजार का उछाल। **आज अखबार** समेत सभी समाचार पत्रों ने दुर्गा पूजा से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आज अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन करेगा।

02. मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था की उच्च स्तरीय समीक्षा करेंगे।

03. बिहार विधान परिषद की रिक्त होने वाली आठ सीटों के चुनाव के लिए मतदाता सूची बनाने का काम आज से शुरू हो रहा है। मतदाता सूची के लिए आवेदन की अंतिम तिथि छह नवम्बर निर्धारित है।

04. और, शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन आज देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की हो रही है पूजा–अर्चना। मंदिरों, शक्तिपीठों और पूजा पंडालों में भक्तों का लगा है तांता।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।